**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 26.03.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूरे होने उपलक्ष्य में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जिला अपराध निरोधक समिति के साथ की गई बैठक।**

**विवरण-** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में दिनांक 25, 26 व 27 मार्च को समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 26.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा पुलिस लाइन बांदा सभागार में जिला अपराध निरोधक समिति के साथ बैठक की गई जिसमें जनपद में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समिति के पदाधिकारियों से वार्ता की गई व आवश्यक सुझाव लिए गए। सभी पदाधिकारियों से जनपद में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। समिति के सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुरक्षा योजनाओं जैसे- डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही "सवेरा योजना" आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक इसका प्रयोग करने के लिए भी कहा गया। इस दौरान अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव/प्रभारी मण्डल वी0पी0 पाण्डेय सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।